देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 156 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...** दाल में काला



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 21 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39

2 टामहाक से चीन पर लगेगा अंकुश | 7 हरमनप्रीत पहले वनडे से बाहर

# विकास में सबकी भागीदारी का प्रयास

## मुख्यमंत्री ने किया भगवानपुर में जन आशीर्वाद रैली में प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद हरिद्वार में संत रविदास मंदिर भगवानपुर से मक्खनपुर तक जन आशीर्वाद रैली में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भगवानपुर क्षेत्र में ग्राम डांडा पट्टी से झींवरहेड़ी तक सड़क को इंटर लॉकिंग टाइल्स के द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्राम खेलड़ी से ग्राम सिकरोड़ा रोड तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। ग्राम सुग्गनपुर हाइवे से ग्राम सुग्गनपुर के अन्दर तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। ग्राम चुड़ियाला में मेन रोड से संजय त्यागी के घर तक निर्माण कार्य कराया जाएगा। नेशनल हाईवे के अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण किये जायेंगे तथा उनको सर्विस रोड से जोड़ा जायेगा, लोगों को उनकी भूमि का मुआवजा भी दिलाया जायेगा। नगर पंचायत भगवानपुर के अंतर्गत सीवर लाइन के जो प्रस्ताव होंगे, उन पर कार्यवाही की जाएगी। भगवानपुर में कार्यरत सफाई कर्मियों आदि के वेतन भत्तों को बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में नगर पंचायत भगवानपुर के जो प्रस्ताव शासन में लम्बित हैं, उनको स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

**युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार को जोड़ने के किये जा रहे प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। सभी प्रक्रियायें जल्द ही पूर्ण की जायेंगी। 31 मार्च, 2022 तक जो भी भर्ती की परीक्षायें होंगी, उनमें कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार लाखों लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रही है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिसके लिए जगह–जगह कैम्प लगाये जा रहे हैं।




**समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुचाना हमारा उद्देश्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन समस्याओं के सरलीकरण, समाधान और निस्तारण के साथ सबकी सन्तुष्टि के मंत्र के साथ कार्य कर रही है।

सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। हमारी सरकार ने महिलाओं की समस्या को देखते हुए मुफ्त रसोई गैस उपलब्ध कराई, शौचालयों का निर्माण किया गया, जोकि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत आम जनता को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं, जिसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों को आवास उपलब्ध कराकर जरूरतमंदों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2022 तक हर घर को नल से जल उपलब्धा कराया जाएगा।

**भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का होगा समाधान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि सबको विकास का समान अधिकार एवं अवसर मिलें। राज्य सरकार इसी के तहत कार्य कर रही है। प्रत्येक सरकारी कार्यालयों में प्रातः 10 से 12 बजे तक अधिकारियों को जन सुनवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। इस कार्य में यदि कोई ढिलाई करता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने दो दिन पहले ही उद्योगपतियों के साथ विचार–विमर्श किया एवं उनकी समस्याओं को सुना, जिससे उद्योगों का विकास हो और अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले। भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली जलभराव की समस्या का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का निराकरण कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रयागराज। देश भर में अपने बयान से सुर्खियों में रहने वाले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव अल्लापुर में बांघबरी गद्दी मठ के कमरे में फंदे से लटका मिला है। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। आइजी रेंज केपी सिंह ने बताया कि वह मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल यह फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला लग रहा है।

### राज कुंद्रा को मुंबई कोर्ट से मिली जमानत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके परिवार के लिए एक राहत भरी खब्बर है। शिल्पा के पति बिजनेसमैन राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफिक फिल्म केस में दो महीने बाद मुंबई कोर्ट से जमानत मिल गयी है। अदालत ने राज को 50 हजार के मुचलके पर जमानत दी है।

# सरकार को 30 करोड़ वैक्सीन की खुराक मिलने की उम्मीद

## चौथे क्वार्टर में वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि सितंबर में भारत सरकार को भारतीय कंपनियों द्वारा निर्मित 26 करोड़ वैक्सीन डोज मिले। वैक्सीनेशन का कार्य भी लगातार बढ़ रहा है। अगले महीने अक्टूबर में हमें 30 करोड़ से अधिक डोज मिलने की संभावना है। उसके बाद प्रोडक्शन और भी बढ़ेगा। चौथे क्वार्टर में हम वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाएंगे। चौथे क्वार्टर में हम वैक्सीन मैत्री के तहत दुनिया को भी मदद करेंगे। अगले तीन महीनों में 100 करोड़ से अधिक खुराक मिलेगी। देश में अब तक 81 करोड़ से अधिक खुराक लगाई गई है। पिछली 10 करोड़ खुराक में केवल 11 दिन लगे। हमारे अपने नागरिकों का टीकाकरण सर्वोच्च प्राथमिकता है। वैक्सीन मैत्री के लिए अक्टूबर–दिसंबर में सरप्लस टीकों का निर्यात किया जाएगा। खुद की जरूरतें पूरी करने के बाद कोवैक्स में योगदान किया जाएगा।



टीकों की अधिशेष आपूर्ति का उपयोग कोविड–19 के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के लिए दुनिया के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए किया जाएगा। भारत का टीकाकरण अभियान दुनिया के लिए एक आदर्श रहा है और यह बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है।
— मनसुख मंडाविया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री।

उन्होंने कहा कि टीकों की अधिशेष आपूर्ति का उपयोग कोविड–19 के खिलाफ सामूहिक लड़ाई के लिए दुनिया के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए किया जाएगा। कोवैक्स का सह–नेतृत्व गेवी, कोवलेशन फॉर एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन और डब्लूएचओ कर रहे हैं।

भारत में कोविड टीकों के स्वदेशी अनुसंधान और उत्पादन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन के कारण है कि भारत एक साथ इतने बड़े पैमाने पर कोविड के टीकों का अनुसंधान और उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का टीकाकरण अभियान दुनिया के लिए एक आदर्श रहा है और यह बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# चन्नी ने ली पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब में कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। चन्नी पंजाब में मुख्यमंत्री बनने वाले दलित समुदाय के पहले व्यक्ति हैं। उनके साथ सुखजिंदर सिंह रंधावा और ओम प्रकाश सोनी ने भी मंत्री पद की शपथ ली, जो राज्य के उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं। रंधावा जट सिख और सोनी हिंदू समुदाय से आते हैं।

शपथ ग्रहण के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में चन्नी ने किसान आंदोलन का पूरा समर्थन किया और कहा कि केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन 'काले कानूनों' के खिलाफ किसानों के आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी अगुवाई वाली सरकार पंजाब के सभी मुद्दों का समाधान करेगी और सभी के लिए काम करेगी।

चन्नी का शपथ ग्रहण समारोह 11 बजे होना था, लेकिन इसमें थोड़ा विलंब हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राजभवन पहुंचे और शपथ लेने वाले तीनों नेताओं को बधाई दी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी को पहुंचने में कुछ मिनटों का विलंब हो गया था। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने चन्नी, रंधावा और सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तीनों नेताओं ने पंजाबी में शपथ ली। चन्नी दलित सिख (रामदासिया सिख) समुदाय से आते हैं और अमरिंदर सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री थे। वह रूपनगर जिले के चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। साल 2007 में पहली बार विधायक बने और इसके बाद लगातार जीत दर्ज की। वह शिरोमणि अकाली दल–भाजपा गठबंधन के शासनकाल के दौरान साल 2015–16 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे।

**ताजपोशी**

- केंद्र से तीनों कृषि कानून वापस लेने की मांग की


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# स्कूल खोलने को लेकर असमंजस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के मामलों में उतार–चढ़ाव के बीच कई राज्यों ने स्कूलों को खोल दिया है। हरियाणा, राजस्थान, असम, झारखंड और मध्य प्रदेश में अलग–अलग कक्षा के छात्र के लिए स्कूल खोले गए हैं। इस दौरान कोरोना गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। काफी दिन बाद स्कूल आने पर छात्र काफी खुश दिखे। वहीं कोरोना के मामले बढ़ने पर हिमाचल प्रदेश और लद्दाख स्कूल बंद कर दिए गए।

**स्कूल आने पर छात्र काफी खुश दिखे**

कोरोना की दूसरी लहर के बाद मध्य प्रदेश में सोमवार से कक्षा एक से पांच तक के लिए स्कूल फिर से खुल गए हैं। हरियाणा में पहली से तीसरी कक्षा के छात्रों के लिए 142 दिनों के बाद स्कूल खुले। हालांकि, प्रथम दिन छात्रों की संख्या 30 फीसद ही रही।

असम के डिब्रूगढ़ में कोविड दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए 10वीं कक्षा के लिए स्कूल खुल गए। राजस्थान के सरकारी और निजी स्कूलों में सोमवार से 50 फीसदी क्षमता के साथ 6 से 8 के छात्रों की नियमित कक्षाएं फिर से शुरू हो गईं।